**प्रेस नोट**
**दिनांक 18.06.2026**

**पुलिस अधीक्षक गोण्डा महोदय द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में आगामी मोहर्रम पर्व एवं मा० मुख्यमंत्री जी के प्रस्तावित आगमन के दृष्टिगत जनपद के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों के साथ समीक्षा गोष्ठी आयोजित कर कानून-व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधों एवं विभिन्न तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई।**

**संवेदनशील स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने, सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखने एवं शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए-**

पुलिस अधीक्षक गोण्डा महोदय द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में जनपद के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों के साथ आगामी मोहर्रम पर्व एवं मा० मुख्यमंत्री जी के प्रस्तावित आगमन के दृष्टिगत समीक्षा गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी के दौरान जनपद की कानून-व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधों एवं विभिन्न तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। महोदय द्वारा निर्देशित किया कि आगामी मोहर्रम पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु संवेदनशील एवं अति संवेदनशील स्थलों पर दंगा निरोधक उपकरणों से सुसज्जित अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, सर्राफा बाजारों, कस्बों, प्रमुख चौराहों, बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतते हुए प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था लागू की जाए। साथ ही इन स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता की जांच कर उन्हें तत्काल ठीक कराने के निर्देश दिए गए। त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की रोकथाम हेतु पोस्टर पार्टी को प्रतिदिन ब्रीफ कर समय से रवाना किया जाए तथा क्षेत्र में सतत भ्रमणशील रहकर संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जाए। सोशल मीडिया सेल को विशेष रूप से सक्रिय रखते हुए विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों की निरंतर निगरानी करने के निर्देश दिए गए। यदि किसी व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया पर विद्वेषपूर्ण, आपत्तिजनक, समाज विरोधी, अराजक, धार्मिक भावनाएं भड़काने वाली अथवा हिंसा, धरना-प्रदर्शन एवं कानून-व्यवस्था प्रभावित करने हेतु उकसाने वाली पोस्ट प्रसारित की जाती है तो तत्काल उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। प्रत्येक बीट एवं मजरे में सुरक्षा समिति की नियमित बैठकें आयोजित कर आपसी समन्वय एवं जनसहभागिता के माध्यम से शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए। इसके साथ ही बैंकों एवं एटीएम की सघन चेकिंग, रात्रि गश्त एवं पिकेट ड्यूटी बढ़ाकर सतर्कता के साथ ड्यूटी करने, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने तथा किसी भी सूचना पर त्वरित एवं प्रभावी पुलिस प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए गए बैठक के दौरान मा० मुख्यमंत्री जी के प्रस्तावित आगमन के दृष्टिगत सुरक्षा, यातायात एवं अन्य व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा कार्यक्रम स्थल, वीआईपी रूट, पार्किंग व्यवस्था, बैरिकेडिंग, यातायात डायवर्जन, ड्यूटी प्रबंधन, सुरक्षा घेराबंदी एवं अन्य आवश्यक तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही सभी व्यवस्थाओं को समयबद्ध, त्रुटिरहित एवं उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने, आपसी समन्वय बनाए रखते हुए सौंपे गए दायित्वों का प्रभावी निर्वहन सुनिश्चित करने तथा सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की शिथिलता न बरतने तथा अनुशासन एवं समन्वय के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।

**इस अवसर पर जनपद के अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री अजीत कुमार रजक, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री राधेश्याम राय, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, पी0आर0ओ0 पुलिस अधीक्षक, समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष व पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे ।**
**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 18.06.2026**
**जनपद गोण्डा।**

**मा० मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के प्रस्तावित जनपद आगमन से पूर्व पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र गोण्डा व पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा कार्यक्रम स्थल एवं हेलीपैड का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा अधिकारी/कर्मचारीगण को सतर्कता के साथ सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।**

मा० मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के प्रस्तावित जनपद आगमन के दृष्टिगत पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र गोण्डा **श्री अशोक कुमार शुक्ला** तथा पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा कार्यक्रम स्थल एवं हेलीपैड का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम स्थल, हेलीपैड, वीआईपी आगमन एवं प्रस्थान मार्ग, बैरिकेडिंग, पार्किंग स्थल, ड्यूटी प्वाइंट, सुरक्षा घेराबंदी तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था में तैनात समस्त पुलिस बल को पूर्ण सतर्कता एवं सजगता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने तथा सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाए रखने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने, आमजन को न्यूनतम असुविधा सुनिश्चित करने, निर्धारित यातायात योजना का प्रभावी क्रियान्वयन करने तथा ड्यूटी के दौरान सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आपसी समन्वय एवं बेहतर संवाद बनाए रखते हुए कार्य करने के निर्देश दिए गए। साथ ही प्रत्येक ड्यूटी प्वाइंट पर तैनात पुलिस कर्मियों को संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया गया। मा० मुख्यमंत्री जी के प्रस्तावित कार्यक्रम को सकुशल, सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने हेतु सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण कर ली जाएं तथा सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**